Council of Scientific and Industrial Research
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001

Dated : 29.10.2026

No. : 5-1(17)/2008-PD

OFFICE MEMORANDUM

Sub : Observance of Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day) on 31st October, 2026 – reg.

The undersigned is directed to state that the Competent Authority has accorded approval to forward the D.O letter No. 1-19034/09/2026-NI-II dated 27th October, 2026 on the above subject issued by Hon'ble Minister, Ministry of Home Affairs and Ministry of Cooperation, Government of India , to all CSIR Labs./Instts./Units for information, guidance and compliance.

29/10/26

(Amrendra Kumar)
Under Secretary (PD)

Encl. : As above

Copy to:

1) The Directors/Heads of all CSIR National Labs./Instts./Hqrs./Units
2) CSIR Website
3) Office copy.

सत्यमेव जयते

अमित शाह

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री

भारत सरकार

नई दिल्ली

अ.शा. पत्र सं. I-19034/09/2026-NI-II

दिनांक : २८ अक्टूबर, 2026

डॉ. जितेंद्र सिंह जी,

भारत के आदरणीय लौह पुरुष, **भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी** की जयंती पूरे देश में 31 अक्टूबर को अत्यंत गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाई जाती है। यह अवसर राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा को बनाए रखने और उसे सुदृढ़ करने के हमारे सामूहिक उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है। इस वर्ष, हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मना रहे हैं, जो हमें अपार गौरव एवं प्रसन्नता से भर देती है। उन्होंने एक ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जो एकजुट, शक्तिशाली तथा समृद्ध हो, और अपने असाधारण नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं अटूट संकल्प के बल पर उन्होंने इस आकांक्षा को साकार किया। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के प्रेरक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है, जो अपने विविध राज्यों, भाषाओं, संस्कृतियों एवं परंपराओं के बीच अपनेपन और पारस्परिक सम्मान की भावना को पोषित करके भारत के "विविधता में एकता" के शाश्वत लोकाचार को सुदृढ़ करता है।

इस वर्ष, समारोह को और भव्य एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से पहली बार 31 अक्टूबर 2026 की शाम को एकता नगर, गुजरात में एकता पथ पर 'एकता परेड' का आयोजन किया जा रहा है। इस परेड में राज्य पुलिस बलों की विशेष (नक्सल विरोधी) इकाइयों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) और एनसीसी कैडेटों की सहभागिता सम्मिलित होगी। एकता परेड में "वंदे मातरम" की केंद्रीय थीम पर आधारित विभिन्न झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। "नक्सल विरोधी अभियान" में विभिन्न राज्य पुलिस बलों के योगदान को रेखांकित करने वाला एक सांस्कृतिक घटक भी इस परेड का हिस्सा होगा। साथ ही, परेड में विशेष आमंत्रितों के रूप में वामपंथी उग्रवाद (LWE) प्रभावित जिलों के लोगों की भागीदारी के साथ यह समारोह "नक्सल मुक्त भारत" की महत्वपूर्ण उपलब्धि को भी प्रदर्शित करेगा।

माननीय प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर 2026 को भारत पर्व 2026 का उद्घाटन करेंगे, जो 15 नवंबर 2026 तक चलना निर्धारित है। भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करने के व्यापक दृष्टिकोण के तहत आयोजित यह महोत्सव राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी विशिष्ट परंपराओं, लोक प्रस्तुतियों, क्षेत्रीय व्यंजनों, हस्तशिल्प और पर्यटन आकर्षणों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, 30 अक्टूबर 2026 की शाम को श्री बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित "आनंदमठ" पर एक नाटकीय प्रस्तुति भी दिखाई जाएगी।

अतः, आपसे अनुरोध है कि 31 अक्टूबर 2026 को **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** गरिमामय एवं भव्य रूप से मनाने हेतु अपने मंत्रालय/विभाग को आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान करें। इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं:

i. एकता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह। 'एकता दिवस' शपथ का पाठ इसके साथ संलग्न है;

ii. देश भर में राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित करने के लिए उपयुक्त स्थानों पर समाज के सभी वर्गों के लोगों को सम्मिलित करते हुए 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़);

मैं आपसे यह भी अनुरोध करता हूँ कि अपने मंत्रालय तथा अधीनस्थ एवं संबद्ध कार्यालयों/संगठनों में एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम में भ्रमण हेतु पंजीकरण https://rashtriyaektadiwas.com पोर्टल पर किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रीय एकता दिवस पूर्ण उत्साह, ऊर्जा एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाए, ताकि यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सुदृढ़ करते हुए सरदार पटेल जी की 151वीं जयंती को एक भव्य, प्रेरक व स्मरणीय राष्ट्रीय उत्सव के रूप में प्रतिष्ठित करे।

भवदीय,

(अमित शाह)

डॉ. जितेंद्र सिंह,
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग,
भारत सरकार

अ. शा. पत्र सं. I-19034/09/2026-NI-II Dated 27.10.2026

संलग्नक

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.